बिहार के 18 हवाई अड्डों पर बनेंगें दो-दो हेलीपैड

चर्चा में क्यों?

14 फरवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार बिहार में राज्य सरकार के स्वामित्व वाले सभी 18 हवाई अड्डों पर दो-दो हेलीपैड बनेंगे।

प्रमुख बिंदु

- राज्य सरकार से मिले निर्देश के तहत भवन निर्माण विभाग ने यहाँ हेलीपैड निर्माण के लिये प्राक्कलन बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- राज्य सरकार के अधीन वाले हवाई अड्डों में बेगूसराय, भागलपुर, सुपौल, सारण, डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास), किशनगंज, मधुबनी, मुंगेर, पूर्णिया, सहरसा, वाल्मीकिनगर (पं. चंपारण), भभुआ (कैमूर), बिहारशरीफ (नालंदा), बक्सर, आरा (भोजपुर), मोतिहारी (पू. चंपारण), कटिहार का सूरत-ए-हाल बदलने के लिये हेलीपैड निर्माण के साथ ही विकास के कई और काम किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि बिहार में तीन हवाई अड्डों से उड़ान संचालित होती हैं जिसमें पटना, गया और दरभंगा शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/two-helipads-each-will-be-built-at-18-airports-in-bihar